कांग्रेस सरकार में किसान जितना परेशान है उतना पहले कभी नहीं हुआ-रमन सिंह

रायपुर, 13 जनवरी । छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह ने भूपेश सरकार पर एक बार फिर ट्वीट कर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार में किसान जितना परेशान है उतना पहले कभी नहीं हुआ है। डा. सिंह ने कहा कि इस सरकार ने किसानों से दाना-दाना खरीदने और 2500 एमएसपी देने का वादा किया था, लेकिन एक भी वादा नहीं निभाया। उपर से शड्यंत्र कर बिचौलियों को फायदा पहुंचाने खरीदी में अड़ंगा जरूर लगा रही है।

तीन केंद्रीय कृषि कानूनों की प्रतियां जलाकर किसान मनायेंगे संकल्प दिवस

रायपुर, 13 जनवरी । केंद्र के तीन कृषि कानूनों के खिलाफकिसानों के राष्ट्रीय आंदोलन के आह्वान पर 13 जनवरी को पूरे देश में संकल्प दिवस मनाया जायेगा, इस निर्णय के परिपालन में छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन द्वारा 13 जनवरी को 11 बजे जिला मुख्यालय दुर्ग के पटेल चौक के अलावा बोरी तहसील मुख्यालय में तीनों केंद्रीय कानूनों की प्रतियां जलाई जायेगी और तीनों कानूनों को रद्द करने तक संघर्ष करने का संकल्प लिया जायेगा।

विवेकानंद के विचार और आदर्शों पर चले युवा पीढ़ी-डा. महंत

रायपुर, 13 जनवरी । छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डा. चरणदास महंत ने राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचार और आदर्शों पर चलने के लिए आव्हान किया है। डा. महंत ने ट्वीट कर राष्ट्रीय युवा दिवस पर युवा पीढ़ी से आव्हान किया है कि वे स्वामी विवेकानंद के जीवन, विचार और आदर्शों से प्रेरणा लेकर नवराष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी को सुनिश्चित करें। डा. महंत ने सभी युवाओं को राष्ट्रीय युवा दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

छत्तीसगढ़ मेहर समाज में नये पदाधिकारियों की हुई नियुक्ति

रायपुर, 13 जनवरी। छत्तीसगढ़ मेहर समाज में कोरोना काल के चलते लम्बे अंतराल के बाद आयोजनों का सिलसिला शुरू हुआ, रविवार को पिपरोलडीह बेरला के समाजिक भवन में जिला समिति बेमेतरा का चुनाव सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में निम्न पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई, जिसमें जिला अध्यक्ष गणेश शिवारे उपाध्यक्ष रामबृज लहरें, भावसिंग राज, रमेश पाठक कोषाध्यक्ष बलदाऊ शिवारे प्रवक्ता बसंत जोशी सचिव मोहित पाठक मीडिया प्रभारी विमल कर्माकर व कार्यकारिणी शामिल हैं। बैठक में जिला संयोजक शिक्षक व समाजसेवी स्व. सतीश राकेश को समाज के लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। निष्पक्ष पारदर्शिता निर्वाचन में चुनाव अधिकारी के रूप में राजेन्द्र राजे, राम अवतार शिवारे, होरी लाल मिर्झा, जगदीश मिर्झा व देवीलाल राजे ने अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष खिलावन बघेल महासचिव परदेसी राम लहरी, कोषाध्यक्ष राकेश मेहर, युवा अध्यक्ष तुलसी दौड़िया, सचिव खेमराज बाकरे, किशोर कन्नौजे, रामचन्द्र लहरें, तुलसी दक्षिणे, रविन्द्र मेहर, बृजेश तुरकाने के साथ प्रदेश पदाधिकारी जिला पदाधिकारी व समाज के लोग भारी संख्या में उपस्थित थे।

भारत माता चौक का नाम निगम के रिकार्ड में दर्ज करने की मांग

रायपुर, 13 जनवरी। रायपुर नगर निगम के एमआईसी सदस्य सुंदर रूखमणी जोगी ने गुढ़ियारी स्थित भारत माता चौक का नाम निगम के रिकार्ड में विधिवत दर्ज करने की मांग की है। इस सम्बंध में उन्होंने नगरीय निकाय मंत्री डॉ शिव डहरिया, महापौर एजाज ढेबर और निगमायुक्त सौरभ कुमार को ज्ञापन सौपकर कहा है कि गुढ़ियारी स्थित भारत माता चौक का नामकरण हो चुका है किंतु उक्त चौक का नाम रायपुर नगर निगम के रिकार्ड में दर्ज नहीं किया गया है। जिसका कि नाम दर्ज करने की मांग की है।

जैन विद्यापीठ ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्मरण किया विवेकानन्द को

रायपुर 13 जनवरी । विचक्षण जैन विद्यापीठ के सेमीनार हाल में राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद के चित्र पर संस्था की प्राचार्य नंदिनी चतुर्वेदी उपप्राचार्य मिनी कुरुप ने माल्यार्पण किया। संस्था की शिक्षिका ममता शर्मा ने स्वामी का नाम आचार्य नरेन्द्र से विवेकानंद क्यों हुआ इस घटनाक्रम को स्मरण करते हुए विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर सभी शिक्षक,शिक्षिका में, एडमिशन विभाग के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।विदित हो कि सीबीएसई ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर सभी संबंधित शिक्षण संस्थानों को मार्गदर्शित भी किया था।

महापौर ने भाठागांव फ्लाई ओव्हर से चिंगरी नाला तक नाला निर्माण का भूमिपूजन किया

बारिश पूर्व शहर की जनता को जलभराव की समस्या से राहत दिलवाने उठाया बडा कदम

रायपुर, 13 जनवरी । नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर ने नगर निगम के जोन 6 के तहत आने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड क्रमांक 63 के भाठागांव फ्लाई ओव्हर से लेकर चिंगरी नाला तक जलभराव की समस्या दूर करने नये नाले का निर्माण 2 करोड 77 लाख 23 हजार रू. की स्वीकृत लागत से अधोसंरचना मद के तहत करवाने कार्य का फल्ह फोडकर एवं कुदाल चलाकर निगम लोककर्म विभाग अध्यक्ष ज्ञानेष शर्मा, जलविभाग अध्यक्ष सतनाम सिंह पनाग, संस्कृति विभाग अध्यक्ष आकाष तिवारी, जोन 5 अध्यक्ष मनू विजेता यादव , जोन 6 अध्यक्ष श्रीमती निषा देवेन्द्र यादव, जोन 8 अध्यक्ष घनश्याम छत्री एवं गणमान्य नागरिको, सामाजिक कार्यकर्ताओं, नवयुवकों की बडी संख्या में उपस्थिति के मध्य भूमिपूजन करते हुए कार्यारंभ करवाया ।

नया नाला अगली बारिश के पूर्व बनाना तेज गति से कार्य कर गुणवत्ता युक्त तरीके से सुनिष्चित करने के निर्देष महापौर ने संबंधित निगम अधिकारियों को स्थल पर कार्यारंभ करके दिये। महापौर ने कहा कि उक्त नाले का निर्माण संबंधित क्षेत्र के लिये बारिश में जलभराव की गहन समस्या के स्थायी निदान की ओर बडा कदम शहर हित में साबित होगा । इससे उक्त क्षेत्र में बारिश में जलभराव की समस्या आने वाली अगली बारिश के दौरान नहीं आयेगी। महापौर ने नाला निर्माण कार्य में समय सीमा एवं गुणवत्ता का विषेष ध्यान रखने के निर्देष दिये। नाला निर्माण प्रारंभ होने पर निगम जोन 6 अध्यक्ष श्रीमती निषा देवेन्द्र यादव ने क्षेत्र के रहवासियों की ओर से महापौर एजाज ढेबर एवं लोककर्म विभाग अध्यक्ष ज्ञानेष शर्मा को धन्यवाद दिया।

ग्रामीण विकास मंत्री की अध्यक्षता में पंचायत विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन समेत अन्य विषयों पर हुई चर्चा

रायपुर, 13 जनवरी। ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान, निमोरा में आयोजित समीक्षा बैठक से प्रदेश के पंचायत मंत्री टी एस सिंहदेव ने स्वामी विवेकानंद जी को उनकी जयंती पर स्मरण करते हुए अपनी बात शुरू की, उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को स्वयं में उतार कर हमें समाज के उत्थान की दिशा में कार्य करना चाहिए। टी एस सिंहदेव ने कहा कि हम कोई योजना या नीति बनाते हैं तो हमारा लक्ष्य यह निर्धारित होना चाहिये कि इस योजना से आम जनों की जीवनशैली में क्या परिवर्तन आयेगा, किसी भी योजना तभी सफल मानना चाहिये जब उस योजना से आम लोगों को आर्थिक लाभ मिले। इस कार्य में सभी अधिकारियों को पहल करनी होगी और ज़मीनी स्तर पर हो रहे कार्यों से सीखकर अपने सुझाव हम तक पहुँचाने चाहिए।

स्वच्छता के लिए जागरूकता और कार्ययोजना दोनों ही आवश्यक हैं - टी एस सिंहदेव

पंचायत मंत्री टी एस सिंहदेव ने कहा कि स्वच्छता के लिए सफाईकर्मियों को प्रोत्साहित करने व आत्मनिर्भर बनाने पर ध्यान देने की आवश्यकता है। इसके साथ ही ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर कार्ययोजना बनाकर धरातल पर उतरनी होगी जिससे लंबे समय तक पेयजल स्रोत में सफाई बरकरार रखी जा सके।

राज्यपाल एवं विधानसभा अध्यक्ष ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की

रायपुर, 13 जनवरी । राज्यपाल सुश्री अनुसुइया उइके एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने आज स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर विधान सभा परिसर में प्रतिष्ठापित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हे नमन किया । इस अवसर पर संसदीय कार्यमंत्री रविन्द्र चौबे, सांसद, कोरबा, श्रीमती ज्योत्स्ना महंत, विधान सभा उपाध्यक्ष मनोज मंडावी, विधायकगण, विधान सभा के प्रमुख सचिव चन्द्र शेखर गंगराड़े एवं विधान सभा के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

अपने संदेश में राज्यपाल सुश्री अनुसुइया उइके ने कहा कि-स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणास्रोत रहे हैं उन्हे युवाओं का आदर्श भी माना गया है। राष्ट्र निर्माण के लिए युवाओं को कंधे से कंधा मिलाकर स्वामी विवेकानंद के बताये सिद्धांतों का अनुसरण करना होगा । उन्होंने कहा कि-आज हमारे सामने मौजूद चुनौतियों का पूरी क्षमता के साथ मुकाबला करने के लिए युवाओं को प्रशिक्षित करने और उन्हे सही मार्ग दिखाने की जरूरत है। डॉ. चरणदास महंत ने अपने संदेश में कहा कि स्वामी विवेकानंद ने अपने विचारों से समाज को एक नई दिशा दी। ''उठो, जागो और तब तक आगे बढ़ो जब तक अपने लक्ष्य को प्राप्त न करो'' का उनका संदेश आज भी हम सबके लिए प्रेरणादायी है । उन्होंने कहा कि-यह छत्तीसगढ़ का सौभाग्य है कि स्वामी विवेकानंद ने अपनी युवा अवस्था का कुछ समय यहाँ व्यतीत किया । 11 सितम्बर 1893 को शिकागो की धर्म संसद में स्वामी विवेकानंद के व्याख्यान ने स्वयं उन्हें तथा भारत को दुनिया में सर्वोच्च प्रतिष्ठा दिलाई। उन्होंने कहा कि-भारतीय सांस्कृतिक चेतना में नई जान फूंकने वाले स्वामी विवेकानंद ने भारतीय युवाओं में स्वाभिमान को जगाया और उम्मीद की नई किरण पैदा की।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्य ग्रामीणों के लिए महत्वपूर्ण - अमेश पटेल

राष्ट्रीय युवा दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी और स्वयं सेवक सम्मानित

रायपुर, 13 जनवरी । प्रदेश के उच्च शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मंत्री उमेश पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्य बहुत महत्वपूर्ण हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर लगाकर गांवों में सामाजिक एवं मानव कल्याण के कार्य करता है। उन्होंने कहा कि एन.एस.एस के स्वयं सेवकों की सेवाएं सराहनीय हैं। स्वास्थ्य शिविरों और आपदा प्रबंधन में सहयोग के साथ एन.एस.एस गांवों में जन जागरूकता और शासकीय योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उमेश पटेल आज यहां रायपुर के शासकीय नागार्जुन विज्ञान महाविद्यालय के सभागार में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। पटेल ने राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन पर स्वामी जी को नमन करते हुए उनके द्वारा मानवता के लिए किए गए कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला और युवाओं को स्वामी विवेकानंद के बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।

उच्च शिक्षा मंत्री पटेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्य अन्य राज्यों के लिए अनुकर्णीय हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के पुरस्कारों को विस्तारित करने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि पहले सिर्फ राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत सिर्फ चार पुरस्कार दिए जाते थे, परन्तु अब छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयं सेवकों एवं कार्यक्रम अधिकारियों और संस्थाओं को बीस पुरस्कार प्रदान किए जा रहे हैं।

उच्च शिक्षा मंत्री ने राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना के लिए चयनित 20 पुरस्कार क्रियान्वयन वर्ष 2019-20 के लिए प्रदान किए। इसमें संस्थाओं में महाविद्यालय स्तर पर अध्ययन शाला ईकाई पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर को और विद्यालय स्तर पर शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसना जिला महासमुन्द को पुरस्कृत किया। इसी प्रकार कार्यक्रम अधिकारियों में महाविद्यालय स्तर पर शंकराचार्य रूप ऑफ इंस्टीट्यूट भिलाई के डॉ. डी. एस. रघुवंशी को और डॉ. खूबचंद बघेल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई की डॉ. अल्पना देशपाण्डेय को पुरस्कृत किया गया, जबकि विद्यालय स्तर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तारापुर के भोजराम पटेल और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंघाभेंडी के सोमदत्त साहू को पुरस्कृत किया गया है। महाविद्यालय स्तर पर स्वयं सेवकों में शंकराचार्य कॉलेज जुनवानी, भिलाई की कुमार तनुजा वर्मा, शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय खुर्सिया के नरेश कुमार साहू, शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई के परमेश्वर कुमार ठाकुर, शासकीय महाविद्यालय कांकेर की कुमारी शिल्पा साहू, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय बिलासपुर के अक्षत तिवारी और कमला नेहरू महाविद्यालय कोरबा के अटल वास्तव को पुरस्कृत किया गया है।

मकर संक्रांति 14 को, दक्षिणायन से उत्तरायण में जाएंगी सूर्य भगवान

मकर राशि में प्रवेश के साथ ही ठंड में आएगी कमी

रायपुर, 13 जनवरी । प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति का पर्व पंजाब में लोहड़ी, दक्षिण भारत में पोंगल एवं उत्तर भारत में दक्षिणायन से उत्तरायण में मकर राशि में सूर्य देवता के प्रवेश करने का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। पौराणिक मान्यता के अनुसार पौष मास में सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने पर मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाता है. इस बार मकर संक्रांति 14 जनवरी मकर संक्रांति को मनाई जाएगी. ऐसी मान्यता है कि इस दिन सूर्य देव अपने पुत्र शनि से मिलने के लिए आते हैं. सूर्य और शनि का संबंध इस पर्व से होने के कारण यह काफी महत्वपूर्ण हो जाता है. आमतौर पर शुक्र का उदय भी लगभग इसी समय होता है, इसलिए यहां से शुभ कार्यों की शुरुआत होती है.

मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम से एक दूसरे को तिल का लड्डू खिलाकर मनाएंगे। महाराष्ट्रीयन समाज द्वारा इस अवसर पर शहर एवं प्रदेश के अनेक शहरों एवं ग्रामों में तिल लड्डू के खानपान के साथ ही हल्दी कुमकुम का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। पौराणिक मान्यता के अनुसार मकर संक्रांति के अवसर पर प्रदेश एवं देश की पुण्य नदियों में स्नान के साथ ही छह चीजों का दान करने से जहां जातक के घरों में अक्षय सुखों की प्राप्ति होगी वहीं सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के साथ धीरे धीरे ठंड में कमी आएगी। रायपुर में पुण्य सलिला खारून में सुबह से ही भक्त पुण्य स्नान के साथ ही तिल जौ, आदि का दान का मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम से एक दूसरे को तिल का लड्डू खिलाकर मनाएंगे। महाराष्ट्रीयन समाज द्वारा इस अवसर पर शहर एवं प्रदेश के अनेक शहरों एवं ग्रामों में तिल लड्डू के खानपान के साथ ही हल्दी कुमकुम का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। पौराणिक मान्यता के अनुसार पौष मास में सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने पर मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाता है. इस बार मकर संक्रांति 14 जनवरी मकर संक्रांति को मनाई जाएगी. ऐसी मान्यता है कि इस दिन सूर्य देव अपने पुत्र शनि से मिलने के लिए आते हैं. सूर्य और शनि का संबंध इस पर्व से होने के कारण यह काफी महत्वपूर्ण हो जाता है. आमतौर पर शुक्र का उदय भी लगभग इसी समय होता है, इसलिए यहां से शुभ कार्यों की शुरुआत होती है.

राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक विभिन्न जिलों के निर्माणाधीन सड़कों का करेंगे परीक्षण

रायपुर, 13 जनवरी । प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक प्रदेश के विभिन्न जिलों में निर्माणाधीन सड़कों की गुणवत्ता का परीक्षण करेंगे। इसके लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षकों का माह जनवरी में दौरा कार्यक्रम जारी किया है। राष्ट्रीय ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण नई दिल्ली के निरीक्षण कार्यक्रम के तहत कुलदीप राव धमतरी और कांकेर जिले का दौरा कर निर्माणाधीन सड़कों की जांच करेंगे। उनका मोबाइल नंबर 9418045000 है। इसी प्रकार सुभाष चंद्रा बलौदाबाजार और जांजगीर-चांपा जिले का दौरा करेंगे उनका मोबाइल नंबर 9935482795 है। अजय कुमार बिन्दल बस्तर एवं कोण्डागांव जिले का दौरा करेंगे। उनका मोबाइल नंबर 9452273298 और 8076546258 है। इसी प्रकार अनिल कुमार शर्मा बिलासपुर एवं कोरबा जिले में निर्माणाधीन सड़कों की गुणवत्ता का परीक्षण करेंगे। उनका मोबाइल नंबर 7018911169 और 9816804033 है।

शहरी सरकार आपके द्वार योजना 27 से

रायपुर, 12 जनवरी (आरएनएस)। नगर निगम रायपुर के आयुक्त सौरभ कुमार ने आज सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से आदेश जारी कर शहरी सरकार आपके द्वारा योजना के दिनांक 27 जनवरी से लेकर 2 मार्च 2021 तक के होने वाले आयोजन को सफल बनाने की दृष्टि से आयोजन का नोडल अधिकारी निगम के अपर आयुक्त लोकेष्वर साहू एवं अंतर विभागीय समन्वयक अपर आयुक्त पुलक भट्टाचार्य, सहायक नोडल अधिकारी कार्यपालन अभियंता राजेष शर्मा एवं समस्त जोन कमिश्नरों को नियुक्त करते हुए आयोजन में उनकी ड्यूटी प्रभावशील कर दी है।

राज्यपाल ने राज्य कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ के कैलेण्डर का विमोचन किया

रायपुर, 13 जनवरी । राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने राजभवन में राज्य कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ के वार्षिक कैलेण्डर का विमोचन किया। राज्यपाल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर आपके संगठन के कैलेण्डर का विमोचन हो रहा है। इसके लिए मैं राज्य कर्मचारी संघ के सभी सदस्यों को बधाई देती हूं। यह सराहनीय है कि यह कैलेण्डर स्वामी विवेकानंद पर आधारित है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रदेश कोरोना काल से गुजर रहा है। हम सभी ने इस कोरोना संकट का एकजुट होकर सामना करते हुए प्रदेश के हित में काम किया है। नये वर्ष में भी हमेशा की तरह सभी अधिकारी-कर्मचारी प्रदेश की प्रगति में अपना योगदान देते रहें। राज्यपाल ने उनके साथ प्रदेश के विभिन्न विषयों तथा उनके मुद्दों पर चर्चा की।

इस अवसर पर कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत सिंह गौतम, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष अरूण तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष वंदना मिश्र, प्रदेश महामंत्री अश्वनी चेलक, प्रदेश कोषाध्यक्ष तेजराम देवांगन, धर्मेन्द्र पटनाकर, संतोष ध्रुव, डॉ. विनोद वर्मा, अनूप वास्तव, पवन बारले उपस्थित थे।

कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक संपन्न

टीकाकरण के पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित कर लें

सभी एसडीएम धान खरीदी व्यवस्था को गंभीरता से लें

रायपुर, 13 जनवरी । कलेक्टर डॉ एस भारतीदासन की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में विभागीय अधिकारियों की समय-सीमा की बैठक संपन्न हुई।उन्होंने विभागीय अधिकारियों से किसी भी प्रकार के लंबित प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उनका निराकरण करने के निर्देश दिए ताकि पेंडिंग प्रकरणों के चलते कोई भी नया कार्य पेंडिंग ना हो। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से टीकाकरण की तैयारी के संबंध में निर्देशित किया कि समय पूर्व सभी आवश्यक तैयारी सुनिश्चित कर लें। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 16 जनवरी से टीकाकरण की शुरुआत जिले के छह जगहों में किया जाएगा। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिन लोगों का टीकाकरण किया जाना है उन्हें पूर्व में ही सूचित कर ली जाए। तथा टीकाकरण में संलग्न स्वास्थ्य अमला को पूरी तरह प्रशिक्षित कर लें।

कलेक्टर ने धान खरीदी के संबंध में सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को गंभीरता से अपनी जिम्मेदारी निर्वहन करने कहा। उन्होंने धान खरीदी की अद्यतन स्थिति ,धान के उठाव, बारदाना की स्थिति ,टोकन कटने के बाद खरीदी, बफ्र स्टॉक, मिलर द्वारा उठाव सहित खरीदी केंद्रों में पर्याप्त सभी सुविधाओं के बारे में विस्तार से चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

उन्होंने राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत पट्टा वितरण के संबंध में साप्ताहिक समीक्षा बैठक करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पेंशन के प्रकरण, मनरेगा पेमेंट एवं पीडीएस की समस्या के संबंध में कोई भी शिकायत नहीं आनी चाहिए।